भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 620
गुरूवार, 02 दिसम्बर, 2021/11 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में पर्यटन परियोजनाएं

620. श्री जी.वी. एल नरसिंहा रावः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत मंत्रालय द्वारा संस्वीकृत विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की सूची और निधियों का योजना-वार और परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) मंत्रालय द्वारा आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के लिए संस्वीकृत विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की सूची और निधियों का ब्यौरा क्या है ;और

(ग) उपर्युक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन की परियोजना-वार स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए स्वदेश दर्शन और तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजनाओं के तहत आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश राज्य को मेलों/त्योहारों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

प्रशाद योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले को एक पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित करने की परियोजना को वर्ष 2015-16 में मंजूरी दी है। परियोजना का भौतिक निष्पादन 27.77 करोड़ रुपये की अंतिम निष्पादित लागत के साथ पूरा हो चुका है। पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य सरकार को सभी भुगतान जारी कर दिए गए हैं।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में में 'बौद्ध परिपथ का विकास: शालिहुंडम-बाविकोंडा- अमरावती- अनुपु' परियोजना को वर्ष 2017-18 मंजूरी दी है, जिसका एक हिस्सा गुंटूर जिले में है। परियोजना कार्यान्वयन के स्तर पर है।

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत सभी परियोजनाओं और आंध्र प्रदेश राज्य में मेले/त्योहारों पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण **संलग्न** है।

*****

अनुबंध

आंध्र प्रदेश में पर्यटन परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 02.12.2021 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 620 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र.सं.	**राज्य**	**परिपथ**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
वर्ष 2014-15					
1.	**आंध्र प्रदेश**	तटीय परिपथ	काकीनाडा में - होप द्वीप - कोरिंगा वन अभ्यारण्य - पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम- कोटिपल्ली अंजुना का विकास	67.84	67.84
वर्ष 2015-16					
2.	**आंध्र प्रदेश**	तटीय परिपथ	नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामदुगु जलप्रपात, नेलपट्टु, पक्षी अभयारण्य मिपाडू-रामातीर्थम-अभयारण्य का विकास	49.55	47.76
वर्ष 2017-18					
3.	**आंध्र प्रदेश**	बौद्ध परिपथ	शालीहुंडम- बावीकोंडा -अमरावती -अनूपू आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ का विकास	24.14	26.17

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

क्र.सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
वर्ष 2015-16				
1.	**आंध्र प्रदेश**	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास	27.77	27.77
वर्ष 2017-18				
2.	**आंध्र प्रदेश**	श्रीसैलम मंदिर का विकास	43.08	43.08

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को मेलें और उत्सवों और पर्यटन से सम्बन्धित कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता

(लाख रु. में)

राज्य	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत का वर्ष**	**निर्मुक्त राशि**
आन्ध्र प्रदेश	2014-15	नेल्लौर, आंध्र प्रदेश में फ्लेमिगों उत्सव आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय	10.00	10.00

		सहायता		
		अंनतपूर जिले में लेपाक्षी उत्सव आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्त सहायता	10.00	10.00
		आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में काकीनाडा बीच उत्सव आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता	10.00	10.00
	2016-17	आंध्र प्रदेश के श्रीसेलम विजयवाड़ा, अमरावती में कृष्णा पुर्ष्कम के उत्सव पर पर्यटन कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता	25.00	25.00

*****